

नवभारत
ग्वालियर, रविवार, 22 फरवरी, 2026



# डिजिटल गिरफ्तारी का खौफ दिखाकर ठगी करने वाला गिरोह बेनकाब

## 20 आरोपी गिरफ्तार, 1.07 करोड़ का मशरूका जब्त



**नवभारत न्यूज**
**करैरा, 21 फरवरी।** सायबर अपराधों के खिलाफ कड़ा प्रहार करते हुए शिवपुरी पुलिस ने एक संगठित ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो महिलाओं के नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर अश्लील चैट व वीडियो रिकॉर्डिंग करता था और बाद में खुद को पुलिस अधिकारी बताकर डिजिटल गिरफ्तारी का डर दिखाते हुए लोगों से मोटी रकम वसूलता था। इस बड़ी कार्रवाई में पुलिस ने 4 अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर कुल 32 आरोपियों को नामजद किया है, जिनमें से 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। कार्रवाई के दौरान लगभग 1 करोड़ 7 लाख रुपये मूल्य का माल-मशरूका भी जब्त किया गया। यह कार्रवाई पुलिस महा निदेशक कैलाश मकवाणा एवं एडीजी सायबर ए साई मनोहर के निर्देशन में मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मेट्रिक्स के अंतर्गत की गई। इस अभियान का उद्देश्य सायबर सुरक्षा को मजबूत करना, सायबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तथा म्यूल (फर्जी) बैंक खातों पर रोक लगाना है। ग्वालियर जोन के पुलिस महानिरीक्षक अरविंद कुमार सक्सेना एवं उप महानिरीक्षक अमित सांघी द्वारा जोन स्तर पर सतत मॉनिटरिंग करते हुए सायबर अपराधों में संलिप्त म्यूल खाताधारकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में शिवपुरी जिले में पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में सायबर अपराधों पर त्वरित और प्रभावी नियंत्रण के लिए व्यापक रणनीति अपनाई गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में 9 विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। इन टीमों में करैरा, भौंती, अमोला, सुरवाया, हिम्मतपुर, सतनबड़ा, कोतवाली, पिछोर, कोलारस सहित अन्य थानों व चौकियों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। टीमों ने महज एक सप्ताह के भीतर सघन दबिश, तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र के आधार पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। **चार गिरफ्तार आरोपी और जब्ती:** गिरफ्तार आरोपियों में अंगद लोधी पुत्र पेजसिंह लोधी निवासी कुंडलपुर, विशाल पुत्र नारायण लोधी निवासी फिल्टर रोड करैरा, योगेन्द्र पुत्र अशोक लोधी निवासी छतिपुर दिनारा, प्रदीप पुत्र रामसिंह लोधी निवासी टोडा करैरा, धनाराम पुत्र रमेश लोधी निवासी छितिपुर दिनारा, सुरजीत पुत्र प्रकाश लोधी निवासी नंदपुर बालूशाह करैरा, रईश पाल पुत्र जगदीश पाल निवासी करालखेड़ा पिछोर, नरेश लोधी पुत्र विजयराम लोधी निवासी बगरा साजोर अमोला, गोलू विश्वकर्मा पुत्र देवसिंह निवासी टोड़ा पिछोर, कृष्णा लोधी पुत्र जगदीश लोधी निवासी गौचोनी पिछोर, पवन जाटव पुत्र गनपत निवासी बम्हारी करैरा, पूरन पुत्र रामप्रसाद निवासी बम्हारी करैरा, सुखदेव पुत्र नंदकिशोर लोधी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम विंधारी थाना भौंती जिला शिवपुरी, अर्जुन पुत्र हजरत सिंह लोधी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम कुंडलपुर थाना पिछोर, संदेश उर्फ दीपेश पुत्र विनोद परिहार उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम विंधारी थाना भौंती जिला शिवपुरी, करन पुत्र शिवचरण परिहार उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम विंधारी थाना भौंती शिवपुरी, राजीब पुत्र बृजेश कुमार लोधी, उम्र 20 वर्ष, निवासी आजाद मोहल्ला भौंती थाना भौंती जिला शिवपुरी, स्वाती पत्नी सुखदेव लोधी उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम तिधारी थाना भौंती जिला शिवपुरी, योगेन्द्र कुशवाह पुत्र बिहारी कुशवाह निवासी चीनोद करैरा एवं दीपक प्रजापति पुत्र सियाराम निवासी झांसी हैं।

चारों एफआईआर में कुल 20 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने 7 चार पहिया वाहन, 1 टीवीएस स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल, 29 मोबाइल फोन, 1 मकान की रजिस्ट्री, 1.20 लाख रूपए नगद, 16 एटीएम कार्ड और 7 बैंक पासबुक जब्त की हैं। जब्त सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य 1.07 करोड़ रूपए है। इस सफल अभियान में भौंती निरीक्षक घनश्याम भदौरिया, करैरा निरीक्षक विनोद सिंह छावई, उनि. चेतन शर्मा, उनि. धर्मेन्द्र गुर्जर, उनि. अंशुल गुप्ता, उनि. अरविंद छारी, उनि. अभिमन्यु राजावत, उनि. सुनील राजपूत, उनि. कुसुम गोयल, उनि. राजकिशोर जोशी, उनि. धर्मेन्द्र जाट, सउनि. चरनसिंह, सउनि. संजय कुमार भगत, प्र.आर. प्रहलाद यादव, प्र.आर. अभयराज सिंह, प्र.आर. मृत्युंजय सिंह, प्र.आर. प्रदीप गुर्जर सहित अनेक प्रधान आरक्षक, आरक्षक एवं सैनिकों की अहम भूमिका रही।

### ठगी का पूरा तरीका

गिरोह के सदस्य हियू, टॉकी, मीका, एलोएलो, गागा, हानी, सुगो, कनेक्टो, हित्सु, हनी और कॉमेट जैसे ऐप्स के माध्यम से लोगों से संपर्क करते थे। ये आरोपी महिलाओं के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर पीड़ितों से अश्लील चैट करते, उसकी रिकॉर्डिंग कर लेते और बाद में स्वयं को पुलिस अधिकारी बताकर बलात्कार या बाल अश्लीलता जैसे गंभीर अपराधों में फंसाने की धमकी देते थे। भयभीत पीड़ितों से केस सेटलमेंट के नाम पर बैंक खातों, एटीएम और ऑनलाइन लेनदेन के माध्यम से रकम वसूली जाती थी।

### एफआईआर दर्ज

20 फरवरी 2026 को थाना करैरा एवं थाना भौंती में मुखबिर सूचना पर दबिश देकर जबरन वसूली करते हुए 10-10 लोगों को राउंडअप किया गया, जबकि कुछ आरोपी फरार हो गए। इसके अतिरिक्त 19 फरवरी 2026 को थाना करैरा में क्रेडिट कार्ड से अवैध निकासी, फर्जी लोन और धोखाधड़ी के मामलों में दो अलग-अलग अपराध दर्ज किए गए। चारों मामलों में बीएनएस की गंभीर धाराओं के साथ आईटी एक्ट की धाराएं लगाई गईं।

# नहाने गया युवक तालाब में डूबा, किनारे मिले कपड़े, पानी में उतराता मिला शव



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 21 फरवरी।** करेरा अनुविभाग अंतर्गत अमोला थाना क्षेत्र के ग्राम नारही में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। नहाने के लिए तालाब गए 34 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना दोपहर करीब 2 बजे की बताई जा रही है। मृतक की पहचान नारायण पाल पुत्र विजयराम पाल निवासी नारही के रूप में हुई है। तालाब किनारे कपड़े रखे मिले, जबकि कुछ देर बाद उसका शव पानी में उतराता नजर आया।

प्रत्यक्ष जानकारियों के अनुसार, नारायण पाल रोजमर्रा की तरह दोपहर में घर से निकले और तालाब की ओर गए। उन्होंने तालाब के किनारे कपड़े उतारे और पानी में प्रवेश किया, लेकिन काफी समय तक बाहर नहीं आए। जब आसपास मौजूद लोगों की नजर तालाब में उतराते शव पर पड़ी, तो हड़कंप मच गया। परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही अमोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया और पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला डूबने से मौत का प्रतीत होता है, हालांकि वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# महाकालेश्वर में दो आरती हुई सशुल्क

उज्जैन, 21 फरवरी. मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में दो आरती पर सशुल्क व्यवस्था लागू करने के बाद सैंकड़ो लोगों ने कतारबद्ध होकर सुगमता से दर्शन किए.इसी बीच कांग्रेस ने इस व्यवस्था का विरोध करते हुये आरोप लगाया कि महाकालेश्वर मंदिर का व्यवसायीकरण किया जा रहा है. श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा डिजिटल व्यवस्था के माध्यम से श्रद्धालुओं को अधिक सुविधा प्रदान करने एवं भीड़ प्रबंधन को सुव्यवस्थित बनाए रखने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है. श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए संध्या एवं शयन आरती की ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था प्रारंभ की गई है. महाकालेश्वर मंदिर में संध्या आरती एवं शयन आरती के लिए 250 रूपए सशुल्क दर्शन की व्यवस्था 20 फरवरी से लागू की गई है. उज्जैन शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने जारी विज्ञप्ति में इस व्यवस्था का कड़ा विरोध किया और आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी मंदिर में दर्शन को आय का साधन बना रही है और भाजपा सरकार मंदिर को व्यापार व्यवसाय का केंद्र बना रही हैं.

# 7200 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित

### ▸ लाखों किसानों को मिलेगा लाभ

**भोपाल. मध्यप्रदेश सरकार ने 300 करोड़ रुपये की मिडवासा सिंचाई परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है.**



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के प्रयासों से शुरू हो रही इस परियोजना से लगभग 7200 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी, जिससे सुरखी, नरयावली और रहली विधानसभा क्षेत्रों के लाखों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा.

परियोजना पूरी होने पर क्षेत्र के अनेक गांवों को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलेगी, जिससे फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी. लंबे समय से लंबित इस मांग के पूरा होने से क्षेत्र में पानी की समस्या में भी कमी आएगी.

# पीड़ित रितिका एयर एम्बुलेंस से चंडीगढ़ पहुंची

**मंडला .** जिले के ग्राम घुटास निवासी 16 वर्षीय रितिका जो फेफड़ों की गंभीर बीमारी फाइब्रोसिस एवं फुफ्फुसीय धमनी उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं, को बेहतर उपचार के लिए हवाई एम्बुलेंस से चंडीगढ़ भेजा गया. समय पर की गई पहल से एक गंभीर मरीज को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकी.

बिछिया विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक नारायण सिंह पट्टा ने रितिका की गंभीर स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री से दूरभाष पर चर्चा कर हवाई एम्बुलेंस उपलब्ध कराने का अनुरोध किया.विधायक की पहल के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हुआ और चंडीगढ़ स्थित पोस्टग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च संस्थान के विशेषज्ञ चिकित्सकों से समन्वय स्थापित किया गया.

# मूल्यांकन में चूक नहीं, नतीजे समय पर, 154 शिक्षक विशेष प्रशिक्षण से ट्रेंड

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 21 फरवरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएँ अभी जारी हैं, लेकिन परिणाम समय पर घोषित करने की रणनीति के तहत विभाग ने समानांतर रूप से उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू करने की ठोस तैयारी कर ली है। रविवार से प्रथम चरण का मूल्यांकन प्रारंभ होगा, जिसमें सबसे पहले फिजिक्स, अंग्रेजी और अर्थशास्त्र विषय की उत्तरपुस्तिकाएँ जाँची जाएँगी। शनिवार को जिला मुख्यालय के उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर में 154 विषयवार मूल्यांकनकर्ताओं को बोर्ड की गाइडलाइन के अनुरूप त्रुटिरहित मूल्यांकन के लिए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण को अनिवार्य किया गया है जो शिक्षक प्रशिक्षण में शामिल नहीं होंगे, वे मूल्यांकन कार्य नहीं कर सकेंगे।

**दो पालियों में हुआ सघन प्रशिक्षण:** प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा 10वीं व 12वीं के 15 विषयों अंग्रेजी, भौतिकशास्त्र, रसायन शास्त्र, अर्थशास्त्र, इतिहास, संस्कृत, पशुपालन, गृह प्रबंधन, एलिमेंट्स ऑफ साइंस, भारतीय कला का इतिहास सहितके मूल्यांकन मानकों पर विस्तार से टिप्स दिए गए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, प्राचार्य एन.के. जैन, जिला परीक्षा प्रभारी राजाबाबू, ताहिर अहमद, हेमंत जैमिनी, सुदर्शन गुप्ता, राजेश वर्मा व मोहन मेहता ने विषय-विशेष के मापदंड, अंक विभाजन और सामान्य त्रुटियों से बचाव पर मार्गदर्शन किया। शनिवार को अनुपस्थित रहे मूल्यांकनकर्ताओं को 1 मार्च को पुन: प्रशिक्षण दिया जाएगा; फिर भी गैरहाजिर रहने पर कार्रवाई तय है।



**मोबाइल पर सख्ती:** पहले ऐप से हाजिरी, फिर स्ट्रांग रूम में लॉक मूल्यांकन केंद्र पर मोबाइल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि प्रवेश से पहले मूल्यांकनकर्ताओं को मोबाइल में डाउनलोड किए गए ऐप से सुबह 10 बजे हाजिरी लगानी होगी। इसके बाद मोबाइल स्ट्रांग रूम में जमा होगा। शाम 5 बजे मोबाइल मिलने पर ही जाँची गई कॉपियों की एंट्री होगी, तभी किया गया मूल्यांकन मान्य माना जाएगा। पिछले वर्ष की तरह ही मानदेय निर्धारित है कि कक्षा 10वीं 15 रूपए प्रति कॉपी, कक्षा 12वीं 16 रूपए प्रति कॉपी, साथ में दैनिक भत्ता व वाहन भत्ता देय होगा।

**इनका कहना है...**
बोर्ड परीक्षाओं के बीच ही समय पर परिणाम जारी करने के लिए रविवार से प्रथम चरण का मूल्यांकन शुरू हो रहा है। मूल्यांकनकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण देकर ट्रेंड किया गया है ताकि किसी भी तरह की चूक न रहे। गैरहाजिर रहने वालों पर कार्रवाई होगी।
**विवेक श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी शिवपुरी**

## मंत्रालय के गलियारे से



कन्हैया लोधी

# आखिरकार बदल ही गए

मंत्रालय में एक एसीएस स्तर के अधिकारी लंबे समय से विभाग में जमे थे. विभाग में उनकी इतनी तूती बोलती थी कि उनकी मर्जी के बगैर जैसे पत्ता भी न खड़के. उनके दखल के चलते विभागाध्यक्ष कार्यालय के मुखिया भी स्वयं को असहाय महसूस कर रहे थे, लेकिन पिछले दिनों जो सूची आई, उससे पूरा विभागाध्यक्ष कार्यालय के साथ ही एक बड़े कॉडर ने भी राहत की सांस ली. अब विभाग में ऐसे अफसर आए हैं, जिनको परमसंतोषी माना जाता है. ये साहब बड़े कूल माने जाते हैं. कुल मिलाकर ये कि लंबे समय से जो कॉडर तबादले की कामना कर रहा था, वे साहब आखिरकार बदल ही गए.

### नदारत रहे साहब

विधानसभा में पिछले दिनों एक महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा चल रही थी, मामला एक बड़े साहब के विभाग से जुड़ा हुआ था, सामान्य तौर पर विभाग से जुड़े किसी विषय पर चर्चा हो, तो विभाग के अफसर मौजूद रहते हैं, लेकिन विभाग के आला अफसर सदन में रहने के बजाय राजधानी से ही बाहर रहने को तवज्जो दी . बताया जा रहा है कि उन्हें राजधानी से बाहर होने वाली चमक-धमक का कार्यक्रम ज्यादा रास आया, ऐसे में उन्होंने मातहतों के भरोसे छोड़कर रवानगी दे दी. उनके नदारत रहने के मामले को माननीयों ने भी नोटिस किया .

### बर्निंग सब्जेक्ट अब हाशिये

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से लोगों की मौत का मामला इस बजट सत्र के दौरान विपक्ष के लिए सबसे बर्निंग सब्जेक्ट था, अब इस मामले में जहां कई सदस्यों के सवालों के जवाब आ गए तो वहीं दूसरी तरफ सदन में चर्चा भी हो गई . विपक्ष ने इस मामले में वाकआउट भी कर दिया था, अब ऐसे समय जब सत्र अगले सप्ताह में प्रवेश कर रहा है, ये बर्निंग सब्जेक्ट भी विपक्ष के पास से आउट हो गया है . अब सत्र के बाकी दिनों में इस मामले में ज्यादा गर्माहट सदन में देखने नहीं मिलेगी, ये तय है .

### मंत्रीजी की प्राथमिकता

प्रदेश के कद्दावर मंत्रीजी की प्राथमिकता बदली हुई है . ये साहब फिलहाल अक्सर ही सुर्खियों में बने हुए हैं, तनाव की भी कमी नहीं है . ऐसे में उन्होंने इस तनाव को रिलीज करने का बढ़िया नुस्खा खोज निकाला है . ये साहब भोपाल के बजाय अपने क्षेत्र में अपने घर में रहना ज्यादा पसंद करते हैं, वहां परिवार गुलजार है . देर रात नाती-पोतों के साथ क्रिकेट का लुत्फ उठाते हैं .

# प्रोजेक्ट चीता, ने पूरे किए अपने तीन वर्ष सफलतापूर्वक

**नवभारत न्यूज**
**भोपाल, 21 फरवरी.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में मप्र में चीता पुनर्स्थापन का प्रोजेक्ट चीता दुनिया विश्व का सबसे सफल प्रोजेक्ट है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कूनो में चीतों की सफल बसाहट पर खुशी जताते हुए कहा कि 28 फरवरी तक बोत्सवाना से 8 और चीते लाये जायेंगे. यह परियोजना प्रकृति से प्रगति का संदेश है.

भारत में विलुप्त हो चुके चीते के पुनर्स्थापन का ऐतिहासिक प्रयास, प्रोजेक्ट चीता, ने अपने तीन वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं. सितंबर 2022 में शुरू हुई यह वन्य जीव संरक्षण यात्रा सफलता के स्वर्णिम सोपान चढ़ चुकी है. नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों ने भारतीय धरती पर खुद को अनुकूलित कर लिया है. कूनो और गांधी सागर अभयारण्य में उनकी दूसरी पीढ़ी के शावकों के निर्भय फर्राटों ने सिद्ध कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल्पना को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में हुए प्रयासों ने साकार कर दिया है.

भारत के अभयारण्यों में फर्राटे भरते चीतों की रफ्तार भविष्य में जैव-विविधता संरक्षण की एक प्रेरक मिसाल बन रही है. नामीबिया से 17 सितंबर 2022 को 8 चीतों का आगमन हुआ और प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें कूनो अभयारण्य के संरक्षित बाड़ों में छोड़ कर पुनर्स्थापना परियोजना का शुभारंभ किया. दक्षिण अफ्रीका से 12 और चीते 18 फरवरी 2023 को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े गये. दक्षिण अफ्रीका से आये 12 में से 8 चीते वर्तमान में कूनो अभयारण्य में पूर्णत: स्थापित होकर स्वयं को वर्तमान आवास की परिस्थितियों में ढाल चुके हैं और पूरी तरह स्वस्थ हैं. इनमें से 3 चीते गांधी सागर अभयारण्य में स्थानांतरित किए गए हैं.

> दक्षिण अफ्रीकी माताओं से जन्मे 10 शावक वर्तमान में जीवित और स्वस्थ हैं . भारत में जन्मी पहली वयस्क मादा चीता मुखी 'ने भी 5 शावकों को जन्म दिया है . यह इस बात का प्रमाण है कि भारत में चीता पुनर्स्थापन परियोजना अब शैशवास्था से आगे बढ़कर स्थायी स्थापना और प्रजनन के चरण में प्रवेश कर युवा हो चुकी है .

# कांग्रेस और राहुल गांधी इस कृत्य के लिए देश से माफी मांगें : भाजपा

**नवभारत न्यूज**
**भोपाल, 20 फरवरी.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने दिल्ली में एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अर्धनग्न प्रदर्शन पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है.

वहीं कांग्रेस और राहुल गांधी के समर्थक किसी न किसी तरीके से देश को अपमानित करने का काम कर रहे हैं. कांग्रेस के द्वारा दिल्ली में अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करना, न केवल कांग्रेस बल्कि समूचे देश के लिए शर्म की बात है. इस प्रकार के प्रदर्शन से पूरे राष्ट्र का सिर शर्म से झुका है. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा को कांग्रेस नहीं पचा पा रही है. यह शर्मनाक प्रदर्शन राहुल गांधी की राजनीतिक अपरिपक्वता और नेतृत्व की कमी को दर्शाता है. जिस समय देश सम्मान पा रहा था, तब कांग्रेस और राहुल गांधी के समर्थक केवल देश को अपमानित करने में लगे हुए थे. उन्होंने कहा कि इसके लिए कांग्रेस और राहुल गांधी को माफी मांगना चाहिए.

# अधिसूचना के एक साल पहले से ही वसूला टोल

## एमपीआरडीसी ने 43 सड़कों पर कमाये 604 करोड़

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 21 फरवरी. मप्र सड़क विकास निगम ने राज्यपाल की अधिसूचना के 6 माह से एक साल पहले ही नियमों के विपरीत गैर कानूनी टोल वसूलना शुरू कर दिया. ये कोई एक सड़क का मामला नहीं है, बल्कि ऐसे लगभग आधा दर्जन सड़कों में ऐसा किया गया.**

जानकारी के मुताबिक भोपाल बायपास की अधिसूचना 8 दिसंबर 2020 को जारी हुई वहीं टोल वसूली 12 दिसंबर 2019 से शुरू कर दी गई, वहीं इंदौर- उज्जैन की अधिसूचना 30 दिसंबर 2022 को जारी हुई, वहीं टोल वसूली 21 जनवरी 2022 से शुरू कर दी गई. इसी क्रम में सागर दमोह की अधिसूचना 8 दिसंबर 21 को जारी हुई वहीं टोल वसूली 28 फरवरी 21 से ही शुरू कर दी गई. भिंड-गोपालपुरा रोड के लिए टोल वसूली की अधिसूचना 4 जनवरी 2022 को जारी हुई लेकिन टोल वसूली 19 मार्च 2021 को जारी की गई. इसी तरह गुना-ईसागढ़ की अधिसूचना 10 अक्टूबर 2024 को जारी हुई और टोल वसूली 2 लून 2023 से ही शुरू कर दी गई. महू- घाटाबिल्लोद की अधिसूचना 24 दिसंबर 2021 को जारी हुई और टोल वसूली का सिलसिला 28 फरवरी 2021 से ही शुरू कर दिया गया. इधर बीना-खिमलासा की अधिसूचना 8 दिसंबर 2021 को जारी हुई वहीं वाहनों से टोल वसूली का क्रम 19 मार्च 2021 से शुरू कर दिया गया. मप्र सड़क विकास निगम 43 सड़कों पर पिछले 2 से 3 वर्षों में दिसबंर 2025 तक 1102.15 करोड़ रूपया टोल वसूल चुका है, वहीं रखरखाव व अन्य खर्च पर महज 498.49 करोड रुपए है.

> इसी तरह एमपीआरडीसी द्वारा दिसंबर 2025 तक भोपाल बाईपास पर 284.33 करोड़ , इंदौर- उज्जैन मार्ग पर 130.41 करोड़ , महू-घाटाबिल्लौद पर 122.90 करोड़ तथा सागर दमोह मार्ग पर 95.59 करोड़ , कुल मिलाकर 633.94 करोड़ टोल वसूला गया और रखरखाव पर 200.96 करोड़ रुपए खर्च किए गए . इन 43 सड़कों पर अवैध टोल वसूली से एमपीआरडीसी ने 603.66 करोड़ का शुद्ध लाभ प्राप्त किया .
>
> इंडियन टोल एक्ट के तहत शासन अपने स्तर पर किसी भी सड़क पर टोल नहीं ले सकता है . सड़क जनता की संपत्ति है , तथा शासन ट्रस्टी है . ट्रस्टी उस संपत्ति से बेजा लाभ नहीं कमा सकता है . सुप्रीम कोर्ट ने मंदसौर पुलिया के टोल प्रकरण में आदेश दिया कि कोई भी निवेशक, लागत उस पर ब्याज तथा रखरखाव के अतिरिक्त टोल नहीं वसूल कर सकता है .
>
> **प्रताप ग्रेवाल, विधायक कांग्रेस**

# सीएम हेल्पलाइन में 3 बार अव्वल सिंगरौली पुलिस

**सिंगरौली.** सिंगरौली पुलिस ने सीएम हेल्पलाइन 181 की शिकायतों के निराकरण में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. 21 फरवरी को जारी जिलेवार ग्रेडिंग में सिंगरौली जिले ने कुल 91.49 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेडिंग हासिल की. इसी के साथ जिला लगातार तीसरी बार प्रदेश के प्रथम समूह में शीर्ष स्थान पर रहा. यह उपलब्धि पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत के निर्देशन में संभव हो सकी. जनवरी 2026 में कुल 1205 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 1128 शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया गया.

## ▸ एक नजर में ◂

### ट्राले की टक्कर से महिला की मौत, दो घायल

**धार .** मध्यप्रदेश के धार जिले की धरमपुरी तहसील में कुंदा फाटे पर आज शनिवार सुबह हुए भीषण सड़क दुर्घटना में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए . महिला मायके से ससुराल लौट रही थी, तभी तेज रफ्तार ट्राला काल बनकर आया . पुलिस सूत्रों के अनुसार धामनोद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धानी और दूधी के बीच एबी रोड स्थित राजराजेश्वरी मंदिर के सामने सुबह लगभग 9:30 बजे मोटरसाइकिल सवार परिवार को पीछे से आ रहे तेज गति ट्राले ने टक्कर मार दी . टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर गिर पड़े .